प्रधानमंत्री आज करेंगे विकसित भारत संकल्प यात्रा का डिजिटल शुभारंभ

उदयपुर। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एवं पात्र लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से प्रारंभ की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शनिवार अपराह्न 3 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में भी अधिकारी व जनप्रतिनिधि जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। उदयपुर में जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में यात्रा का जिला स्तरीय शुभारंभ नगर निगम प्रांगण से होगा। इसमें सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कार्मिक भाग लेंगे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की नोडल अधिकारी व जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ ने बताया कि शनिवार अपराह्न 3 बजे प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा का डिजिटल शुभारंभ करेंगे। नगर निगम प्रांगण में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद जिले को आवंटित जागरूकता वैन को जनप्रतिनिधि हरी झण्डी दिखाकर ब्लॉक के लिए रवाना करेंगे। यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। भारत सरकार की ओर से नियुक्त जिला नोडल अधिकारी श्याम कुमार ने बैठक लेकर एवं फील्ड विजिट कर तैयारियों का जायजा लिया।

राज्य प्रभारी 18 से उदयपुर प्रवास पर

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्य प्रभारी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह 18 से 20 दिसंबर तक उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 18 दिसंबर की दोपहर 2.45 बजे वायुयान से उदयपुर पहुंचेंगे और 20 तक उदयपुर प्रवास पश्चात 21 दिसंबर की अपराह्न 3.20 बजे वायुयान से दिल्ली प्रस्थान कर जाएंगे।

60 बालिकाओं को स्वेटर भेंट किए

उदयपुर (वि.)। उदयपुर जिले के पंचायत समिति गिर्वा के पीपलवास में महान सेवा संस्थान द्वारा आईआईएफएल मुम्बई के सहयोग से संचालित सखियों की बाड़ी की कुल 60 बालिकाओं को देवी संस्थान की डायरेक्टर महिमा कोठारी द्वारा अध्यापक नरेश लोहार की प्रेरणा से भामाशाह सुमन डामर,अभिषेक डामर,निरीति डामर ने स्वेटर भेट किए साथ ही समस्त बालिकाओं को फूड पैकेट भी बांटे गए। महान सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र गामठ ने बताया किझाड़ोल, फलासिया सहित गिर्वा पंचायत समिति में कुल 60 सखियों की बाडी का संचालन 1850 बालिकाओं के साथ किया जा रहा है।

सार समाचार

राष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता में आलोक पंचवटी की छात्रा ने जीता स्वर्ण पदक

उदयपुर (वि.)। आलोक गुरूकुल परिवार, की मातृ-शाखा पंचवटी की कक्षा-3 की छात्रा लीनाश्री दशोरा ने राष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर अपने प्रभावी प्रदर्शन द्वारा एक स्वर्ण पदक एवं 2 रजक पदक प्राप्त कर आलोक को आलौकिक किया है साथ ही अपने परिवार का व समाज का नाम रोशन किया। यह जानकारी विद्यालय के शारीरिक शिक्षक विरेन्द्र सिंह राठौड़ ने दी। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली प्रतिभावान इस नन्हीं छात्रा का आलोक संस्थान के निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत द्वारा विद्यालय में उपरना ओढ़ाकर सम्मान कर उसे बधाईयां दी। कार्यक्रम में संस्थान के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर प्रतीक कुमावत एवं प्राचार्य नारायण लाल चौबीसा एवं उपप्राचार्या शशिकला सुखवाल उपस्थित थे।

पंचकर्म चिकित्सा शिविर में 52 रोगी लाभान्वित

उदयपुर (वि)। आरोग्य समिति राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिन्धी बाजार उदयपुर में निःशुल्क पंचकर्म शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। औषधालय प्रभारी डॉ शोभालाल औदिच्य ने बताया कि आयुर्वेद को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 52 रोगियों का उपचार किया गया। जिसमे जोड़ो का दर्द, माइग्रेन, सायटिका, अवस्कुलर, नेक्रोसिस, एडी में दर्द, फ्रोजन शोल्डर, बालों की समस्या का उपचार के लिए विरेचन, कर्म बस्तिकर्म, नस्यकर्म, कटीबस्ती, जानुबस्ती, ग्रीवाबस्ती, सर्वांग स्वेदन, स्थानिक अभ्यंग, सर्वांग अभ्यंग, स्थानिक स्वेदन, षष्टिशाली पिंडस्वेद, पात्र पिंड स्वेद, शिरोधारा, शिरोबस्ती, धारास्वेदन, बस्तीकर्म द्वारा किया गया। शिविर में डॉ शैलेन्द्र शर्मा, डॉ मिथिलेश शाक्यवाल, डॉ संतोष के दमामी, डॉ नितिन सेजू, डॉ अनीता मीणा, डॉ ऋचू पाटीदार, नर्स कम्पाउण्डर ईंदिरा डामोर, शंकरलाल खराड़ी, कंचन कुमार डामोर कन्हैया लाल नागदा, चंद्रेश परमार, अंजना बारोट, हेमंत पालीवाल , भगवतीलाल लोधा, परिचारक गजेन्द्र आमेटा निर्भय सिंह भाटी लालू राम गमेती ने सेवाएं दी।

फूड लाईसेंस शिविर आयोजित

उदयपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कृषि मण्डी गोगुन्दा में एक दिवसीय फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन का शिविर लगाया गया। जिसमें स्थानीय एवं आसपास के किराणा, होटल, रैस्टोरेंट्स, दुध डेयरी के व्यापारियों ने कैम्प में बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवं अपने फूड लाइसेंस बनवाए। शिविर में कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए। खाध सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने व्यापारियों को नियमों के बारे में बताया तथा चेताया कि निरीक्षण के दौरान बिना फूड लाइसेंस व्यापार करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

टिप्स पर नहीं दें ध्यान, निवेश में करें विवेक का प्रयोग : सेबी ईडी. मनोज कुमार

पेसिफिक यूनिवर्सिटी में सेबी और एम्फी के अधिकारियों द्वारा निवेशक चेतना कार्यक्रम

उदयपुर (वि.)। पेसिफिक यूनिवर्सिटी, रोटरी क्लब युवा उदयपुर तथा म्युचुअल फंड एसोसिएशन इन इंडिया (एम्फी) की ओर से निवेशकों में जागरुकता लाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत म्युचुअल फंड में निवेश के माध्यम से समृद्धि अर्जित करने का तरीका बताया गया। मुख्य अतिथि सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मनोज कुमार ने निवेश से पहले विद्यार्थियों को सेबी व अन्य नियामक संस्थाओं की वेबसाइट पर संबंधित नियमों की जानकारी प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को सरल शब्दों में स्टॉक मार्केट तथा म्युचुअल फंड में निवेश के विविध पहलुओं की अंतर सहित व्याख्या की। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड इन इंडिया के सीईओ एन.एस. वेंकटेश ने बताया कि म्यूचुअल फंड एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा रिस्क को न्यूनतम करते हुए निवेश को इस प्रकार किया जा सकता है कि वह बढ़ती हुई महंगाई दर से अधिक रिटर्न दे सके, बस आवश्यकता इस बात की रहती है कि लंबे समय तक निवेश किया जावे। एम्फी के सीनियर कंसल्टेंट तथा पूर्व डीजीएम सूर्यकांत शर्मा ने विद्यार्थियों को छोटी-छोटी एस.आई.पी. आरंभ करने का महत्व बताया। यदि 500 रुपये प्रति माह की एसआईपी, 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष बढ़ाते हुए की जावें तो निवेशक को 40 वर्ष होने पर यह राशि पौने दो करोड़ रुपए हो जाएगी। उन्होंने विविध उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए म्युचुअल फंड का आवश्यकता अनुसार चयन समझाया। सेबी की ओर से प्रणय अग्रवाल और हितेश अग्रवाल ने म्युचुअल फंड में निवेश की अवधि एवं टैक्स से संबंधित जानकारी दी और बताया कि एक लाख तक की आय जो कि इक्विटी म्युचुअल फंड के माध्यम से एक वर्ष की अवधि से ऊपर के निवेश पर की जाती है वह टैक्स फ्री रहती है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनुराग मेहता ने बताया कि कमाई के साथ-साथ बचत और सही निवेश बहुत ही आवश्यक है जो की आरंभ से ही यदि किया जावे तो बड़ा फंड बनते देर नहीं लगती। पेसिफिक यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट प्रो. के.के. दवे ने सुझाव दिया कि व्यक्ति को अपनी आय का बीस प्रतिशत बचत करना ही चाहिए एवं उसे किसी ऐसी जगह निवेश करना चाहिए जो की सुरक्षित एवं बेहतर रिटर्न देने वाली हो। रोटरी क्लब युवा उदयपुर की प्रेसिडेंट संगीता शर्मा के अनुसार इस प्रकार के आयोजन आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने में सहायक है। संचालन डॉ. मेहंदी शर्मा ने किया।

तुलसाराम महाराज का स्वागत

उदयपुर। राजपुरोहित समाज के आसोतरा गादीपति तुलसाराम महाराज उदयपुर पधारे, जिनका समाज ने भव्य स्वागत किया। श्री 1008 खेतेश्वर महाराज के दीपक प्रज्वलित किया। प्रेम सभा में महाराज द्वारा उद्बोधन दिया गया। सभी समाज बंधुओ को आपस में प्रेम भाईचारे से रहने, समाज के कार्य में शिक्षा आगे बढ़कर भाग लेने का बताया। कैलाश राजपुरोहित ने बताया की महाराज की साथ बाहर से पधारें अतिथियों का सम्मान किया गया। इस दौरान बद्री सिंह, प्यारेलाल, वासुदेव, घीसूलाल, बाबू सिंह, पूर्ण सिंह, गोपाल सिंह, नोरत सिंह सहित नवयुवक मण्डल की टीम स्वागत किया।

प्रो. सुशील निम्बार्क को राष्ट्रीय कलाकोस्तुभ सम्मान

उदयपुर (वि.)। राष्ट्रीय प्रतिनिधि कला संस्था कलावर्त न्यास उज्जैन की ओर से दिए जाने वाले विभिन्न प्रतिष्ठित सम्मान व अलंकारों की घोषणा कर दी गई है। कला जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस वर्ष दिया जाने वाला राष्ट्रीय कला कौस्तुभ सम्मान उदयपुर के ख्यात चित्रकार प्रो. सुशील निंबार्क को दिया जाएगा। प्रसिद्ध चित्रकार जतिन दास (नई दिल्ली) शोभा ब्रूटा (नई दिल्ली), जितेन हजारीका (नई दिल्ली), वृंदावन सोलंकी (अहमदाबाद) को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया जाएगा। कला समीक्षक व लेखक प्रयाग शुक्ल को चित्रवाण अलंकरण से नवाजा जाएगा। न्यास सचिव डॉ. परिधि काले ने बताया कि दिनांक 23 से 26 दिसंबर तक उज्जैन में होने वाले अंतरराष्ट्रीय कला पर्व सिंपोजियम के आयोजन में यह अलंकरण प्रदान किए जाएंगे।

डांगी-पटेल खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

उदयपुर (वि)। डांगी सेवा संस्थान खेल संघ के तत्वावधान में डांगियों का गुड़ा गांव की मेजबानी में 36वीं डांगी पटेल समाज खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज शुक्रवार को हुआ। डांगियों का गुड़ा स्थित अटल बिहारी वाजपेयी प्रतिभा खेल खोज स्टेडियम में पहला मैच रॉयल खेड़ा बनाम ओड़वाडीया के बीच खेला गया वहीं दूसरा मैच पचोली बनाम फतहपुर के बीच हुआ। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि उपरला गिर्वा के अध्यक्ष दलीचंद पटेल ने पहली बॉल फेंकी, जिसे विशिष्ट अतिथि राजस्थान टीम प्लेयर हितेश पटेल ने स्ट्रेट ड्राइव किया। दलीचंद पटेल ने कहा कि अब युवा 36 साल से समाज के मोतबिरों द्वारा जो खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है, उसमें नयापन लाते हुए समाज को नई दिशा दें। शुभारंभ अवसर पर पारस पटेल, बड़गांव पंचायत प्रधान प्रतिभा नागदा, लखावली सरपंच मोहनलाल डांगी, भुवाणा सरपंच मोहनलाल डांगी, जिला परिषद सदस्य दुदाराम डांगी, खेल संघ सचिव रमेश डांगी, खेल संघ उपाध्यक्ष केशुलाल डाँगी,खेल संघ सदस्य खेमराज डाँगी, नारायण डांगी, दिनेश डांगी, धर्मराज डांगी समेत समाज के युवा, वरिष्ठजन मौजूद रहे। खेल संघ उपाध्यक्ष केशुलाल डांगी ने बताया कि समापन पर 13 व 14 जनवरी को कबड्डी, वॉलीबॉल, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता होगी। क्रिकेट की विजेता टीम को 22 हजार, उपविजेता टीम को 11 हजार, कबड्डी विजेता को 11 हजार, उपविजेता को 5 हजार, वॉलीबॉल विजेता को भी 11 एवं उपविजेता को 5 हजार नकद पुरस्कार समेत सम्पूर्ण प्रतियोगिता के तहत ट्रॉफी व अन्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

महिला क्रिकेट में कला महाविद्यालय बना विजेता

पुरूषों की क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

उदयपुर। कामर्स कॉलेज की मेजबानी मे आयोजित मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह एवं अंतर महाविद्यालयी पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि कुलपति प्रो सुनिता मिश्रा, विशिष्ट अतिथि प्रो नीरज शर्मा, व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो मुकेष माथुर ने की। इस अवसर पर विवि क्रीड़ा मण्डल के सचिव डॉ भीमराज पटेल, प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक डॉ दीपेन्द्र सिंह चौहान, चयन समिति सदस्य डॉ संजय जैन व मुकेश मीणा भी उपस्थित थे।

आयोजन सचिव डॉ चौधरी ने बताया कि उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो सुनीता मिश्रा ने कहा कि क्रिकेट खेल को 2028 से ओलम्पिक खेलों में सम्मलित किया जाना प्रस्तावित है एवं महिला क्रिकेट टीम के प्रदर्शन को देखते हुए पश्चिम क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रस्ताव अखिल भारतीय खेल विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली को भिजवाया जायेगा। खेल के क्षेत्र में विश्वविद्यालय क्रीडा मण्डल को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। महिला प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में कला महाविद्यालय ने पहले खेलते हुए निर्धारित ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 104 रन का लक्ष्य दिया। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की पूरी टीम 57 रन पर ऑलआउट हो गई। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नंदनी पालीवाल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज लवीना वैष्णव एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अदिति मेनारिया को घोषित किया गया। वही पुरूष प्रतियोगिता के मुकाबलों में एसपी महाविद्यालय सिरोही ने कनोड महाविद्यालय को, यूएस ओस्तवाल मंगलवाड ने अंकुर महाविद्यालय नाथद्वारा को विज्ञान महाविद्यालय ने राजकीय महाविद्यालय सिरोही को, एसआरकेए राजसमन्द ने राजकीय महाविद्यालय सांवलिया को एवं ऐश्वर्या महाविद्यालय ने राजकीय महाविद्यालय गोगुंदा को परास्त कर अगले दौर में प्रवेश किया।

सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग सेवा 25 से 31 तक

उदयपुर (वि)। प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया की जांच-स्क्रीनिंग हेतु उपयुक्त व्यवस्थायें की जा रही हैं। प्रदेश में 26 जनवरी तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वास्थ्य शिविरों इस रोग की स्क्रीनिंग स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी। स्टेट नोडल अधिकारी ब्लड सेल डॉ. गिरीश द्विवेदी ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया की जांच हेतु पॉइन्ट ऑफ केयर जांच किट के क्रम करने के लिए आरएमएससीएल के माध्यम से कार्यादेश दिए जा चुके हैं। इनकी जांच किट्स की 25 दिसम्बर से पहले जिलों को सप्लाई कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित किये जाने वाले शिविरों में नियमित रूप से सिकल सेल एनीमिया व टीबी संक्रमण जैसे असाध्य रोगों की स्क्रीनिंग भी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के उन क्षेत्रों में जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा संपादित हो चुकी है अथवा होगी वहां सिकल सेल एनीमिया की जांच-स्क्रीनिंग हेतु 25 से 31 दिसम्बर तक विशेष अभियान संचालित कर सिकल सेल एनीमिया की निशुल्क स्क्रीनिंग का कार्य किया जाएगा।

फॉर्म नं. 14 [विनियम 33(2) देखें]
आयकर अधिनियम 1961 ऋण वसूली अधिकरण - जयपुर की दूसरी अनुसूची के नियम 2 के तहत नोटिस
प्रथम तल, सुधर्मा- II, लाल कोठीज़ शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर- 302015

प्रेषण संख्या डीआरटी/जेपी/7007 — दिनांक : 08/12/2023
आर.सी. कमांक 828/2022 — आगामी दिनांक : 12/01/2024
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी इंडिया लिमिटेड ....प्रमाण पत्र धारी
बनाम
किरण मोटर्स और ओआरएस ....प्रमाण पत्र देनदार

मांग सूचना

सेवा में, मैसर्स किरण मोटर्स, इसके मालिक श्री हरपाल सिंह के माध्यम से, इसका कार्यालय प्लॉट नंबर 1165-डी, रामसिंह जी की बाड़ी, हिरण मगरी, सेक्टर-11, उदयपुर 313001, राजस्थान में है। मैसर्स किरण मोटर्स, आपने मालिक श्री हरपाल सिंह के माध्यम से, इसका कार्यालय गुरुद्वारा बिल्डिंग गुरु अर्जन नगर, सेक्टर-11, गिर्वा, उदयपुर 313001, राजस्थान में हैं। हरपाल सिंह पुत्र श्री गुरुभेज सिंह, निवासी प्लॉट नंबर 1165-डी, राम सिंह जी की बाड़ी, हिरण मगरी, सेक्टर-11, उदयपुर 313001, राजस्थान। श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह, निवासी 665, गुरु अर्जन नगर, सेक्टर-11, गिर्वा, उदयपुर-313001, राजस्थान। श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह, निवासी प्लॉट नंबर 1165-डी, राम सिंह जी की बाड़ी, हिरण मगरी, सेक्टर-11, उदयपुर - 313001, राजस्थान। श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह, निवासी 30, आवरी माता के पास, सेन्ट्रल एरिया, उदयपुर-313001, राजस्थान।

रिकवरी सर्टिफिकेट के मद्देनजर जारी ओ.ए. संख्या 160/2021 पैठासीन अधिकारी, डीआरटी, जयपुर द्वारा रुपये की राशि के लिए पारित किया गया। 2,24,74,828/- (आरसी राशि) और उस पर वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार ब्याज आपके विरुद्ध देय है।

1. आपको नोटिस प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर उपरोक्त राशि जमा करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नियमानुसार वसूली की जाएगी।
2. आपको 12/01/2024 प्रातः 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है।
3.उपर्युक्त राशि के अतिरिक्त आप भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे:
(ए) निष्पादन कार्यवाही की इस सूचना के तुरंत बाद शुरू होने वाली अवधि के लिए देय ब्याज।
(बी) इस नोटिस की सेवा और देय राशि की वसूली के लिए की जाने वाली अन्य प्रक्रिया के संबंध में किए गए सभी लागत, शुल्क और व्यय।

आपके विरुद्ध देय वसूली प्रमाणपत्र में राशि का विवरण

1. वसूली प्रमाणपत्र राशि	रु. 2,24,74,828/-
2.स्टूट की कीमत	रु. 1,51,496/-
3.ब्याज 24.01.2021 से 25.04.2023 तक	रु. 55,86,996/-
4.आरसी जारी होने के बाद वसूली गई राशि (यदि कोई हो)	रु. शून्य/-
कुल बकाया	रु. 2,82,13,820/-

वसूली अधिकारी
ऋण वसूली अधिकरण, जयपुर

HeroFinCorp
हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड
CIN: U74899DL1991PLC046774
पंजीकृत कार्यालय: 34, सामुदायिक केंद्र, बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली-110057
E-mail: litigation@herofincorp.com | फैक्स: 011-4948 7150
फोन : 011-4948 7150 | Website: www.herofincorp.com

कब्जे की सूचना [(परिशिष्ट IV) नियम 8(1)]

जबकि **हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड (एचएफसीएल)** के प्राधिकृत अधिकारी, एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के प्रावधानों के तहत (इसके बाद 'अधिनियम' के रूप में संदर्भित) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति यों का प्रयोग करते हुए दिनांक 20.02.2023 को एक मांग नोटिस जारी किया गया, जिसमें मांग की गई है:

1. **मै. अरूप मार्बल्स (उधारकर्ता), जिसका कार्यालय रीको औद्योगिक क्षेत्र, चित्तौड़गढ़, राजस्थान - 312001 में स्थित है। तथा साथ ही अरूप मार्बल्स, नवधर कॉम्पलेक्स, मकराना रोड, किशनगढ़, अजमेर राजस्थान -312001 तथा साथ ही मकान नं. 28- ए ब्लॉक, कुंभानगर, चित्तौड़गढ़, राजस्थान -312001**
2. **मै. अंकित मार्बल्स (सह-उधारकर्ता), जिसका कार्यालय एफ-73, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312001 में है तथा साथ ही मकान नं. 28 - ए ब्लॉक, कुंभानगर, चित्तौड़गढ़, राजस्थान - 312001**
3. **श्री अरूण भराडिया (सह-उधारकर्ता), निवासी मकान नं. 28 - ए ब्लॉक, कुंभनगर, चित्तौड़गढ़, राजस्थान - -312001**
4. **श्री जगदीश चंद्र भराडिया (सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता), निवासी मकान नं. 28 - ए ब्लॉक, कुंभानगर, चित्तौड़गढ़, राजस्थान - 312001**
5. **श्रीमती कंचन देवी भराडिया (सह-उधारकर्ता), निवासी मकान नं. 28-ए ब्लॉक, कुंभानगर, चित्तौड़गढ़, राजस्थान - 312001**
6. **श्रीमती सावित्री अरूणकुमार भराडिया (सह-उधारकर्ता), निवासी मकान नं. 28 - ए ब्लॉक, कुंभानगर, चित्तौड़गढ़, राजस्थान -312001**

(इसके बाद 'उधारकर्ता' के रूप में संदर्भित)
उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि रूपये **1,81,58,846.67/- (रूपये एक करोड़ इक्यासी लाख अठावन हजार आठ सौ छियालीस और सड़सठ पैसे मात्र)** लागू ब्याज और उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर अन्य शुल्कों के साथ 13.02.2023 को देय। उक्त राशि को चुकाने के लिए कर्जदार राशि चुकाने में विफल रहा है, इसके द्वारा कर्जदार और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत **14 दिसंबर 2023 को** दी गई शक्ति यों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा के तहत उक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से ऋण लेने वाले और आम तौर पर जनता को संपत्ति से निपटने के लिए चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार एचएफसीएल के 1,81,58,846.67/- **(रूपये एक करोड़ इक्यासी लाख अठावन हजार आठ सौ छियालीस और सड़सठ पैसे मात्र)** के शुल्क के अधीन होगा। 13.02.2023 को देय। सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण इस प्रकार है:

आवासीय मकान नं. 28-ए, माप 60X80 वर्गफीट। कुंभानगर, ए ब्लॉक, भूपाल भवन योजना, चित्तौड़गढ़, राजस्थान में स्थित है। सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व- प्लॉट नं. 21, पश्चिम- आम रोड, उत्तर- प्लॉट नं. 27, दक्षिण - आम रोड

स्थान : चित्तौड़गढ़, राजस्थान
दिनांक : 14.12.2023
हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड

ICICI Home Finance
कॉर्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई -400059, भारत
शाखा कार्यालय : भू-तल, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर-313001

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित की गई है, जिसका भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा:

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/ सह कर्जदारों के नाम/ गारंटर / कानूनी वारिस। ऋण खाता संख्या	ज्ञात ऋणभारों के साथ सुरक्षित संपत्ति(यों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना धन जमा	संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की तिथि और समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
	भरत कुमार (उधारकर्ता) मंजु देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता सं. LHUDP00001291373	खसरा नंबर-1038 पर स्थित संपत्ति, ग्राम- माणकियावास, ग्राम पंचायत- मगतमाला, पंचायत समिति-मावली, जिला-उदयपुर राजस्थान	रू. 39,82,505/- 07 दिसम्बर 2023	रू. 18,43,538/- रू. 1,84,360/-	21 दिसम्बर 2023 सुबह 11 से शाम 3 बजे	03 जनवरी 2024 दोपहर 2 से शाम 3 बजे

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** की वेबसाइट **(URL Link-/https://BestAuction Deal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को **02 जनवरी 2024 को शाम 5.00 बजे** से पहले कुल देय राशि को और ब्याज के साथ भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा। संभावित बोलीदाताओं को अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉल्पम ई अनुसार) **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी, भू-तल, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर-313001 में 02 जनवरी 2024 को शाम 04:00 बजे** या उससे पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी, भू-तल, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर-313001 में 02 जनवरी 2024 को शाम 05:00 बजे** या उससे पहले जमा करना होगा। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) उदयपुर में देय 'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी' के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक से होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 9920807300** पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्सएक्सन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** से संपर्क करें। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** देखें।

दिनांक : 16 दिसम्बर, 2023
स्थान : उदयपुर
अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड